मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-190
16/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना की जंग में जीत हासिल करने वाले 8 लोगों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 16 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना की जंग में जीत हासिल करने वाले 8 लोगों– रोहित कुमार शर्मा, डिम्पल कुमारी, अनिशा खातुन, रजिया परवीन, गुड्डू सिद्दीकी, रेहाना खातुन, शिवा खातुन एवं अतर हुसैन को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के खिलाफ राज्य सरकार की कोशिशों को इनके ठीक होने से बल मिला है। मुख्यमंत्री ने इन सभी 8 लोगों के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 29 लोग अर्थात् अब तक 37 लोग कोरोना को हराकर एवं स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं।

******